Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **जोधपुर में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का वरिष्ठ सहायक 5 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *12 जुलाई।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर जोधपुर इकाई द्वारा आज सोमवार को कार्यवाही करते हुये विक्रम शर्मा वरिष्ठ सहायक, कार्यालय सहायक अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी ड्रिलिंग उपखण्ड प्रथम, जोधपुर को परिवादी से 5 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की जोधपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके वेतन एरियर बिल बनाने की एवज में विक्रम शर्मा वरिष्ठ सहायक, कार्यालय सहायक अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी ड्रिलिंग उपखण्ड प्रथम, जोधपुर द्वारा 5 हजार रुपये रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी जोधपुर इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री भोपाल सिंह लखावत** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **पुलिस निरीक्षक श्री रूप सिंह** एवं उनकी टीम द्वारा ट्रेप कार्यवाही करते हुये विक्रम शर्मा पुत्र श्री चुन्नीलाल शर्मा निवासी 32, गणेश नगर, परिहार नगर, जोधपुर हाल वरिष्ठ सहायक, कार्यालय सहायक अभियंता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी ड्रिलिंग उपखण्ड प्रथम, जोधपुर को परिवादी से **5 हजार रुपये रिश्वत** राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी के आवास एवं अन्य ठिकानों की ए.सी.बी. टीमों द्वारा तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** 1064 *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।

Scanned with CamScanner